C M Y K

रायगढ़, गुरूवार
19.10.2017
कार्तिक कृष्ण 15
पृष्ठ 8, मूल्य 3




साप्ताहिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

Web: www.nyaysakshi.com

3 देखें... बच्चे को गोद में लेकर ट्रेन के सामने... 6 देखें मनोरंजन में ....

» वर्ष-1 » अंक - 27 »

## क्वेटा में धमाके से 7 पुलिस कर्मियों की मौत 22 घायल

इस्लामाबाद,(आरएनएस)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में क्वेटा-सिब्बी रोड पर हुए एक धमाके में कम से कम सात पुलिस कर्मियों की मौत हो गई, जबकि 22 लोग घायल हो गए। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने बताया कि धमाका उस वक्त हुआ, जब 35 पुलिस कर्मियों को लेकर जा ही पुलिस की एक गाड़ी शरियब मिल इलाके से गुजर रही थी। 'द डॉन' के अनुसार, सिविल अस्पताल क्वेटा के प्रवक्ता वसीम बेग ने सात मौतों की पुष्टि की और कहा कि आठ घायलों को अस्पताल लाया गया है। वहीं हमले की निंदा करते हुए बलूचिस्तान के गृह मंत्री सरफ्राज बुग्ती ने छह पुलिस कर्मियों की मौत की पुष्टि की और बताया कि 22 लोग घायल हुए हैं जिनका क्वेटा के सिविल अस्पताल और कम्बाइंड मिलिट्री अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने यह भी कहा, आतंकवाद के खिलाफ युद्ध खत्म नहीं हुआ है। इस लड़ाई में बलूचिस्तान अग्रिम कतार में खड़ा है और जब तक इलाके में एक भी आतंकी नहीं बचते तब तक हम नहीं रूकेंगे। इस तरह के कायराना हमले हमारे सुरक्षा बलों को अपना कर्तव्य निभाने से पीछे नहीं हटा पाएंगे। गौरतलब है कि पिछले एक दशक से बलूचिस्तान में हिंसा की घटनाएं जारी हैं और निशाना बनाकर लोगों की हत्याएं की जा रही हैं। खास तौर से पिछले कुछ महीनों में पाकिस्तान के इस प्रांत ने काफी सुरक्षा चुनौतियों को झेला है। यहां आए दिन सड़क किनारे धमाकों और आत्मघाती हमलों में सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाया जा रहा है।

## पाकिस्तान पर नजर रखने में अमेरिका की मदद कर सकता है भारतः निक्की हेली

वाशिंगटन,(आरएनएस)। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत निक्की हेली ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान द्वारा आतंकियों को समर्थन दिए जाने पर कड़ा रुख अपनाया है, इसलिए पाकिस्तान पर नजर रखने में भारत उनकी मदद कर सकता है। अफगानिस्तान और दक्षिण एशिया में आतंकवाद से लड़ने के लिए ट्रंप द्वारा हाल ही में घोषित की गई नई रणनीति का जिक्र करते हुए निक्की हेली ने कहा कि इस रणनीति की अहम बातों में से एक भारत के साथ अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी विकसित करना है। उन्होंने कहा, अफ्गानिस्तान और दक्षिण एशिया में अमेरिका के हित आतंकियों की सुरक्षित पनाहगाहों को खत्म करने में हैं जो हमारे लिए खतरा हैं और परमाणु हथियारों को आतंकियों की पहुंच से दूर रखना है। इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए हम हमारे राष्ट्रीय, ऊर्जा, अर्थव्यवस्था, कूटनीतिक और सेना के सभी तत्वों का इस्तेमाल करेंगे। आपको बता दें कि निक्की हेली अमेरिका भारत मैत्री परिषद द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों को समर्थन देने को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। बकौल निक्की हेली, 'अमेरिका अफगानिस्तान में खासतौर से आर्थिक और विकास के क्षेत्र में मदद के लिए भारत की ओर देख रहा है। हमें अफगानिस्तान में वास्तव में भारत की मदद की जरूरत है। वे उस क्षेत्र में अच्छे पड़ोसी और साझेदार हैं।

## अमेरिकी लेखक जॉर्ज सॉन्डर्स को 'लिंकन इन द बार्डो' के लिए मिला मैन बुकर पुरस्कार

लंदन,(आरएनएस)। छोटी कहानियां लिखने के लिए मशहूर अमेरिकी लेखक जॉर्ज सॉन्डर्स को उनके उपन्यास 'लिंकन इन द बार्डो' के लिए इस साल के मैन बुकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार जीतने वाले वह दूसरे अमेरिकी लेखक हैं। 'द गार्जियंस' के अनुसार, सॉन्डर्स का यह उपन्यास 1862 की एक रात की वास्तविक घटना पर आधारित है, जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने अपने 11 वर्षीय बेटे को वाशिंगटन के एक कब्रिस्तान में दफनाया था। 'लिंकन इन द बार्डो' में उस रात के दर्द और अनुभव को बयां किया गया है। 58 वर्षीय सांडर्स के अलावा इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए ब्रिटिश लेखक अली स्मिथ और फियोना मोज़ले, अमरीकी लेखक पॉल ऑस्टर और एमिली फ्रिडलुंड और पाकिस्तानी मूल के ब्रिटिश लेखक मोहसीन हामिद को शॉर्टलिस्ट किया गया था। गौरतलब है कि 2014 से अमरीकी लेखकों के लिए भी मैन बुकर पुरस्कार खुला है। बीते साल अमरीकी लेखक पॉल ब्यूटी को ये पुरस्कार दिया गया था।

## चीन बोला 'बेल्ट एंड रोड' पहल को सौ देशों का समर्थन, भारत कर रहा है विरोध

बीजिंग,(आरएनएस)। कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के सम्मेलन से पहले चीन ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआइ) का जोरदार बचाव किया है। सीपीसी के प्रवक्ता तुओ झेन ने बीआरआइ पर तकरीबन 100 देशों का समर्थन हासिल करने का दावा किया। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत करीब 36 लाख करोड़ रुपये का निवेश कर चुकी हैं। इसका एक हिस्सा गुलाम कश्मीर से गुजरता है। इसलिए भारत इसका विरोध कर रहा है। इसमें उसे अमेरिका का भी साथ मिला है।

## नौकरी जाने से परेशान युवक ने सीएम के सामने पिया ज़हर

गुवाहाटी,(आरएनएस)। जीएसटी लागू होने के बाद बेरोजगार हुये एक व्यक्ति ने यहां सचिवालय में मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल के सामने आत्महत्या का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि असम-पश्चिम बंगाल अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित टैक्स गेट के जीएसटी लागू होने के बाद बंद होने से चलते वहां कार्यरत कर्मचारी की नौकरी भी चली गई थी। इस वजह से वह काफी परेशान था और सोमवार को उसने सचिवालय जाकर मुख्यमंत्री के सामने जान देने का प्रयास किया। बिदुर चौधरी (30) नाम के व्यक्ति ने जहर खाकर बेहोश होने से पहले सोनोवाल को एक फाइल सौंपी जिसमें एक पत्र और गीता की एक कॉपी थी। बिदुर को तुरंत गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस अधिकारी हिरेन नाथ ने बताया, 'वह अब ठीक लेकिन हमने आत्महत्या के प्रयास में उनके खिलाफ केस दर्ज कर दिया है।' सोनोवाल से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'मुख्यमंत्री सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में गुवाहाटी के पहले फिल्म फेस्टिवल से जुड़ी तैयारी पर मीटिंग से बाहर आ रहे थे और तभी एक व्यक्ति उनके सामने सिर झुकाकर खड़ा हो गया। उसने अपनी फाइल सीएम को सौंपी, जैसे ही सीएम फाइल लेकर देखने लगे वह जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस ने बताया कि उसने जहर पिया है, उसके पास से जहर की छोटी बोतल बरामद हुई है।'

### परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की गुजारिश

फाइल में सीएम के नाम एक पत्र था जिसमें बिदुर ने अपने मरने के बाद परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की इच्छा जाहिर की थी। ढुबरी जिले के निवासी बिदुर कोकराझर जिले स्थित श्रीरामपुर चेक गेट पर कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। दूसरों की तरह वह अस्थायी रूप से इस गेट पर ड्यूटी दे रहे थे लेकिन सभी टैक्स पर एक टैक्स जीएसटी लागू होने के बाद गेट बंद होने से बिदुर बेरोजगार हो गए। इस घटना को सुरक्षा में चूक की नजर से भी देखा जा रहा है। इस वजह से पुलिस ने सचिवालय परिसर में सुरक्षा को और दुरुस्त किया है जो पहले से ही हाइ सिक्योरिटी जोन में है।

## मकड़ों से छुटकारा पाने के चक्कर में जला डाला घर


ऐरिज़ोना,(आरएनएस)। कीड़ों से छुटकारा पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं लेकिन अमेरिका में एक व्यक्ति को मकड़ों से छुटकारा पाने के चक्कर में अपने घर से ही हाथ धोना पड़ा। यह वाकया अमेरिका के ऐरिज़ोना का है जहां एक शख्स अपने घर से मकड़ों को ब्लोटॉर्च की मदद से हटाने की कोशिश कर रहा था और इसी चक्कर में उसने अपने घर में ही आग लगा डाली। अधिकारियों के मुताबिक उनके पास एक रिपोर्ट आई कि ऐरिज़ोना में एक घर से आग की लपटें और धुंआ आ रहा है क्योंकि वहां एक व्यक्ति ब्लोटॉर्च की मदद से अपने घर में लगे मकड़े के जालों को हटाने की कोशिश कर रहा था। फायर डिपार्टमेंट ने कहा कि जब वह घटनास्थल पर पहुंचे तब उन्हें पता चला कि एक बुजुर्ग महिला को उसके बेटे और पड़ोसियों की मदद से उस जलते हुए घर से निकाला गया। उस महिला को आग से बाहर निकालने के क्रम में हल्की चोटें भी आईं। उस शख्स का घर एक मोबाइल होम था जिसे आसानी से एक जगह से दूसरी जगह शिफ्ट किया जा सकता है। घर में लगी आग पर काबू पाने में 23 दमकल कर्मचारियों को करीब 11 मिनट लगे। बुजुर्ग महिला के अलावा इस घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई। अधिकारियों ने कहा कि इस आग से घर को कितना नुकसान हुआ है उसकी जांच की जाएगी। आग लगने के कारण विस्थापित हुए इन दोनों लोगों की मदद रेड क्रॉस कर रहा है।

## ताइवान की आजादी की कोशिश कामयाब नहीं होने देंगे : चिनफिंग



पेइचिंग,(आरएनएस)। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बुधवार को साफ कहा कि वह ताइवान की आजादी की किसी भी कोशिश को कामयाब नहीं होने देंगे। उन्होंने ताइवान के लिए भी एक देश, दो सिस्टम मॉडल को अपनाने पर जोर दिया, जिससे शांतिपूर्ण तरीके से एकजुटता कायम रखी जा सके। गौरतलब है कि हॉन्ग कॉन्ग और मकाऊ में भी चीन का एक देश, दो सिस्टम वाला मॉडल लागू है। पेइचिंग का दावा है कि ताइवान को भी मेनलैंड का हिस्सा होना चाहिए, भले ही इसके लिए ताकत का ही इस्तेमाल क्यों न करना पड़े। पांच साल में एक बार होने वाली कम्युनिस्ट पार्टी कांग्रेस में शी ने दो टूक कहा, हम किसी भी शख्स, संगठन या किसी भी राजनीतिक पार्टी को किसी भी समय या किसी भी रूप में चीन से किसी भी हिस्से को अलग नहीं करने देंगे। गौरतलब है कि ताइवान में पूर्ण आजादी की मांग बढ़ी है। हाल में वहां के राष्ट्रपति ने चीन के साथ संबंधों को कम प्राथमिकता देना शुरू किया है जिससे ताइवान की स्वतंत्र पहचान को कायम रखा जा सके। ताइवान समस्या के समाधान पर उन्होंने कहा, हम शांतिपूर्ण एकीकरण और एक देश, दो सिस्टम के सिद्धांत को बरकरार रखेंगे। सीपीसी के महासचिव शी ने कहा, 1992 की आम सहमति के ऐतिहासिक तथ्य को मान्यता देनी चाहिए कि दोनों पक्ष (ताइवान और चीन) एक चीन से ताल्लुक रखते हैं। ऐसे में वार्ता के माध्यम से दोनों पक्षों के लोगों की समस्या का समाधान करना चाहिए। इसके अलावा ताइवान की किसी भी राजनीतिक पार्टी या समूह को चीन से आदान-प्रदान करने में कोई समस्या नहीं होगी।

एक देश, दो सिस्टम के सिद्धांत के तहत पूर्व ब्रिटिश कॉलोनी हॉन्ग कॉन्ग 1997 में चीन में शामिल हुआ था। मकाऊ (जो पुर्तगाल की कॉलोनी थी) भी इसी सिद्धांत के तहत 1999 में चीन में शामिल हुआ था। इन दोनों क्षेत्रों को राष्ट्रीय सुरक्षा से अलग कुछ स्वायत्तता भी मिली हुई है। इस सिद्धांत के तहत दोनों क्षेत्रों के पास अपनी राजनीतिक प्रणाली, कानून, आर्थिक महत्व के मामलों के अलावा दूसरे देशों से संबंधों को लेकर भी अधिकार होंगे।





## सीरिया के राक्का से खदेड़े गए इस्लामिक स्टेट के लड़ाके

दमिश्क,(आरएनएस)। इराक और सीरिया में सक्रिय खूंखार आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट को राक्का शहर से सुरक्षा बलों ने खदेड़ दिया है। अमेरिका समर्थित कुर्दिश-अरब सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्स के मुताबिक सीरिया के राक्का शहर को आईएस के कब्जे से मुक्त करा लिया गया है। इस शहर को इस्लामिक स्टेट की कैपिटल भी कहा जाता है। 4 महीने से अधिक समय तक संघर्ष के बाद इस्लामिक स्टेट के कब्जे वाले राक्का शहर पर पूरी तरह सुरक्षा बलों का नियंत्रण है। 6 जून को आईएस के कब्जे के बाद से इस उत्तरी शहर पर नियंत्रण पाने के लिए संघर्ष कर रहे कुर्दिश-अरब सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्स ने शहर में रह गए कुछ सौ आईएस लड़ाकों को खदेड़ दिया। राक्का पर कब्जे के लिए चार महीने से अधिक समय तक चली इस लड़ाई में कम से कम 3,250 लोग मारे गए हैं। इनमें से एक तिहाई से अधिक आम नागरिक हैं। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि जून की शुरुआत में अभियान शुरू होने के बाद से कम से कम 1130 नागरिक मारे जा चुके हैं। एसडीएफ के प्रवक्ता तलाल सेलो ने बताया कि राक्का में सब कुछ खत्म हो गया है। हमारे सैनिकों ने राक्का पर पूरी तरह कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा, राका में सैन्य अभियान समाप्त हो गया है, लेकिन वहां संभावित किसी भी स्लीपर सेल का पता लगाने और बारूदी सुरंगों को हटाने के लिए अभियान चल रहा है। सेलो ने कहा कि शहर की आजादी की घोषणा जल्द आधिकारिक बयान जारी करके की जाएगी।

### कुर्द लड़कों से मुक्त हुआ यजीदी शहर सिंजर

इराकी बलों ने यजीदी शहर सिंजर को कुर्द बलों के कब्जे से मुक्त करा लिया है। अर्धसैन्य इकाइयों ने बताया कि स्वायत्त क्षेत्र के बाहर कुर्द बलों के कब्जे वाले इलाकों के खिलाफ अभियान चलाया गया। ईरान प्रशिक्षित शिया मिलिशिया से बनी पॉप्युलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज ने कहा कि कुर्द बलों को बिना लड़ाई के सिंजर से हटा दिया गया है। उत्तर पश्चिम शहर सिंजर कुख्यात है क्योंकि यहां इस्लामिक स्टेट ने बहुत अत्याचार किए। उसने वर्ष 2014 में हजारों यजीदी पुरुषों की हत्याएं की और महिलाओं को यौन गुलाम बना लिया था।

## सुप्रीम कोर्ट के बाहर पटाखे जलाने को लेकर 14 लोग हिरासत में



नई दिल्ली,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली-एनसीआर में पटाखे बेचने पर लगे बैन के बाद मंगलवार को दिल्ली पुलिस ने 14 लोगों को हिरासत में और 29 लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 1,200 किलोग्राम से ज्यादा पटाखे जब्त किए हैं। दिल्ली में पटाखों की बिक्री पर लगे अस्थायी प्रतिबंध के विरोध में स्ट के बाहर पटाखे जलाने को लेकर 14 लोगों को हिरासत में ले लिया गया। वहीं दिल्ली के अन्य जगहों पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करके 29 लोगों को गिरफ्तार किया। मंगवलार को सुप्रीम कोर्ट के बाहर दिल्ली पुलिस को शीर्ष अदालत के गेट के बाहर प्रदर्शन होने के बारे में सूचना मिली थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक संगठन से जुड़े होने का दावा करने वाली तीन महिलाओं सहित 14 लोगों को हिरासत में लिया गया और उन्हें तिलक मार्ग पुलिस थाना ले जाया गया। वहीं दूसरी ओर दिल्ली पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक ने पुलिस उपायुक्तों को निर्देश दिया था कि वह पटाखों की बिक्री पर रोक को सुनिश्चित करें। स्थिति पर निगरानी रखने के लिए जिलों में विशेष दल गठित किए गए हैं। दिल्ली पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी मधुर वर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने 1,241 किलोग्राम पटाखे जब्त किए और 29 प्राथमिकी दर्ज की और 29 लोगों को गिरफ्तार किया।

## पुर्तगाल-स्पेन में लगी आग से मरने वालों की संख्या हुई 45, बारिश से मिली राहत

पेनाकोवा,(आरएनएस)। पुर्तगाल और स्पेन के जंगलों में सप्ताहांत पर लगी आग के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर कुल 45 हो गई है। मृतकों का आंकड़ा पुर्तगाल में ज्यादा है, यहां 41 लोगों को और स्पेन में चार लोगों को जान गंवानी पड़ी। वहीं कई घर जलकर खाक हो गए। हालांकि बाद में बारिश और शांत हवाओं की वजह से मंगलवार को दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी मदद मिली। पुर्तगाल के सिविल प्रोटेक्शन एजेंसी ने बताया कि देश के मध्य और उत्तरी हिस्से में लगी आगों पर काबू पा लिया गया है। मगर मरने वालों की संख्या बढ़ गई। यह आंकड़ा 31 से बढ़कर 41 हो गया। पीड़ितों के लिए तीन दिन का शोक रखा जा रहा है। वहीं यह भी बताया कि आग के कारण 71 लोग जख्मी भी हो गए हैं। इनमें 16 की हालत गंभीर है और एक व्यक्ति लापता है। मरने वालों में एक महीने का एक बच्चा भी शामिल है। वहीं पुर्तगाल की सीमा से सटे पश्चिमोत्तर स्पैनिश क्षेत्र गलीशिया में आग से मरने वालों की संख्या चार हो गई है। बताया जा रहा है कि ओफेलिया तूफान के कारण आग और तेजी से भड़क गई। हालांकि अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने अलर्ट लेवल को कम कर दिया है, बारिश और शांत हवाओं के कारण आग फैलना बंद हो गया।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर विमानों में ईंधन सप्लाई देने वाली गाड़ी में आग

कोलकाता,(आरएनएस)। महानगर के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के भीतर विमानों में ईंधन आपूर्ति करने वाली एक गाड़ी में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। हाललंकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग को तत्काल नियंत्रित कर लिया गया जिससे किसी तरह का बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। बुधवार तड़के करीब 4.30 बजे एयरपोर्ट के भीतर जेट एयरवेज के ईंधन सप्लाई करने वाले वाहन में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही एयरपोर्ट के रनवे इलाके में तैनात अग्निशमन की गाड़ियां मौके पर पहुंच कर आधे घंटे में आग को काबू कर लिया। आग कैसे लगी इसकी जांच की जा रही है। एयरपोर्ट प्रबंधन ने कहा है कि मामले की जांच की जाएगी की आखिर आग कैसे लगी।

## राहुल ने की लुधियाना में आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या की निंदा



नई दिल्ली,(आरएनएस)। कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल गांधी ने राजनीतिक उदारता का परिचय देते हुए पंजाब के लुधियाना में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ता रवींद्र गोसाई की हत्या की निंदा की है। राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा, मैं लुधियाना में आरएसएस लीडर रवींद्र गोसाई की हत्या की पुरजोर निंदा करता हूं। किसी भी तरह की हिंसा स्वीकार नहीं की जा सकती। दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। बता दें कि लुधियाना के जोधेवल इलाके में मंगलवार सुबह आरएसएस नेता रवींद्र गोसाई की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 60 वर्षीय रविंदर उस समय शाखा से लौट रहे थे तभी बाइक सवार हमलावरों ने उनपर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि अभी हमलावर और हत्या की वजह का खुलासा नहीं हुआ है।गौरतलब है कि केरल में आरएसएस और बीजेपी नेताओं की हत्या के विरोध पार्टी पिछले काफी समय से राज्य सरकार के खिलाफ अभियान चला रही है। ऐसे में लुधियाना में इस तरह की वारदात के बाद बीजेपी पंजाब की कांग्रेस सरकार के खिलाफ भी अक्रामक रूप से हमला बोल सकती है।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र रायगढ़, जशपुर एवं अन्य समस्त जिले हेतु रिपोर्टर/संवाददाता चाहिए तत्काल संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
श्रीराम कॉलोनी,स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास,
रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

C M Y K